फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाडा)

लहर कंवर पत्नी भंवर सिंह राजपूत नि॰ हंसेड़ा

बनाम

जगदीश पिता बालूदास बैरागी नि॰ हंसेड़ा वगैरह

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 699/23

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये
21.06.23	प्रार्थना पत्र सिंगे से बाद जॉच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि **ग्राम हंसेड़ा**, प. ह. **भगुनगर** तहसील जहाजपुर में स्थित आ॰ न॰ 107 **रकबा** 0.3132 **हेक्टेयर**, **स्थित** है। अप्रार्थीगण उक्त वर्णित कृषि आराजी के पडौसी है। अप्रार्थीगण से सीमा विवाद होने के कारण पत्थरगढी करवाये जाने की आवश्यकता है, अतः उक्त आराजी की पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलग्न नकल जमाबन्दी सम्वत 2075 से 2078 तक के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी पत्थरगढी हेतु आवेदन की गई भूमि का खातेदार है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद होना बताया है, अतः न्यायालय पत्थरगढी किया जाना उचित समझता है। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है **ग्राम हंसेड़ा**, प. ह. **भगुनगर** तहसील जहाजपुर में स्थित आ॰ न॰ 107 **रकबा** 0.3132 हेक्टेयर, **स्थित** भूमि की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक अमरगढ़ को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। पालना रिपोर्ट **शीघ्र** प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक 21.06.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। **उपखण्ड अधिकारी,** **जहाजपुर(भीलवाडा)**	

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला भीलवाडा

क्रमांक / रीडर / 2023 / 699 / 2023 दिनांक :- 21.06.2023

निमित

तहसीलदार जहाजपुर

विषय :- प्र. स. 699 / 2023 अनवान लहर कंवर पत्नी भंवर सिंह राजपूत नि॰ हंसेड़ा बनाम जगदीश पिता बालूदास बैरागी नि॰ हंसेड़ा, कल्याण सिंह पिता भोपाल सिंह राजपूत नि॰ हंसेड़ा, नारायण पिता मोती धाकड़ नि॰ हंसेड़ा, हजारी पिता मोती धाकड़ नि॰ हंसेड़ा, भवाना पिता मोई धाकड़ नि॰ हंसेड़ा, मथरा पिता मोती धाकड़ नि॰ हंसेड़ा, भंवर सिंह पिता इंद्र सिंह राजपूत नि॰ हंसेड़ा, मदन सिंह पिता इन्द्र सिंह राजपूत नि॰ हंसेड़ा, तहसीलदार जहाजपुर वगैरा की पत्थरगढी की पालना करने बाबत।

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में ग्राम हंसेड़ा, प. ह. भगुनगर तहसील जहाजपुर में स्थित आ॰ न॰ 107 रकबा 0.3132 हेक्टेयर, स्थित की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक भूमि की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक अमरगढ़ को कमीश्नर नियुक्ति किया जाता है। कमीश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे। पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर (भीलवाडा)